महत्वपूर्ण एवं खास

पूर्वांचल में भारी बारिश से विद्युत व्यवस्था हुई ठप्प

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ पूर्वी अंचल में शनिवार की रात से बारिश के कारण बिजली गुल होने के बाद रविवार देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो पाया है। बिजली नही होने के कारण पीने के पानी ,पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भी नहीं मिल रही है ।वही मोबाइल फोन भी डिस्चार्ज होगये है जिससे आम लोगों से सम्पर्क स्थापित नही हो रही है। बिजली गुल रहने से मच्छरों से लोगों की नींद हराम भी हो गया है।

एटीएम कांड के फरार आरोपियों की तलाश जारी, पुलिस की दो टीम झारखंड व ओडिशा पहुंची

न्याय साक्षी/रायगढ़। उर्दना रामपुर वीआईपी मार्ग में घटित बहुचर्चित एटीएम उखाड़ कर ले जाने वाले कांड का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए 72 घंटे से भी कम समय में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में महती सफलता हासिल की थी। वही उक्त वारदात में फरार अन्य 5 आरोपियों की पतासाजी के लिए कोतवाली पुलिस की दो टीम झारखंड एवं ओड़िसा में धरपकड़ करने खाक छान रही है।

जन्माष्टमी पर जिले की शराब दुकानें रहेंगी बंद , यादव समाज की मांग पर सीएम ने लगाई मुहर

न्याय साक्षी/रायगढ़। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अब प्रदेश की शराब दुकानें बंद रहेंगी। यादव समाज की मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सहमति दी है। बीते दिनों राजधानी रायपुर में प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में यादव समाज के एवम कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष वृंदावन यादव एवं शहर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शहर जयंत ठेठवार ने मुख्यमंत्री बघेल से भेंट किया।

जिले में अगले 24 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी

न्याय साक्षी/रायगढ़। ओडिशा और पश्चिम बंगाल के ऊपर बने चक्रवात की वजह से अगले 24 घंटे में उत्तर छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जशपुर और सरगुजा जिले में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। वहीं अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एसके अवस्थी के मुताबिक, बारिश में अभी औसत से 2 प्रतिशत की कमी है। सितंबर माह तक सिस्टम बनने की संभावना ज्यादा रहती है, तो सितंबर माह तक मानसून का सीजन है। तो आने वाले दिनों में भारी बारिश की आशंका है। अभी एक ही सिस्टम बना है, इसके अलावा कोई और प्रभावी सिस्टम नही है जिससे भारी बारिश हो। प्रभावी सिस्टम बनने के बाद ही भारी बारिश की आशंका है। कल रात से जिले में हो रही अनवरत बारिश के कारण केलो बाँध में जल स्तर पुन~ बढ़ गया है। बाँध में जलभराव की स्थिति को नियंत्रण में रखे जाने हेतु बांध प्रबंधन द्वारा केलो बाँध के कुछ गेट खोले गए हैं, जिसको देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है और साथ ही एसडीएम रायगढ़ ने आम नागरिकों तथा केलो नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से सूचना जारी की है कि केलो बांध का गेट खोले जाने से नदी का जलस्तर लगभग डेढ़ मीटर तक बढ़ सकता है।

इसलिए नदी में न जाएँ तथा तटीय इलाकों में रहने वाले नागरिक भी सतर्क रहें । अभी हाल ही में तीन चार दिन पहले जिले में हुई भारी बारिश के कारण बाँध में जल स्तर बढ़ गया था जिससे बाँध के सात गेट खोले गए थे जिसके कारण केलो नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था तथा शहर के निचले इलाकों में जल भराव हो गया था, शहर के चक्रपथ तथा एस ई सी एल को जाने वाली मरीन ड्राइव सड़क में लगभग 1 मीटर तक पानी चढ़ गया था।

जिला प्रशासन अलर्ट मोड में

केलो परियोजना के ईई शुला ने बताया कि जिले में हो रही बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन पूर्व से ही अलर्ट है तथा बांध प्रबंधन से जल भराव की स्थिति की सुचना लगभग हर आधे घंटे में प्रशासन को दी जा रही है साथ ही आम नागरिकों तथा नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज़ से स्थिती को नियंत्रण में रखने हेतु बांध से थोडा - थोडा पानी लगातार छोड़ा जा रहा है साथ ही अभी जो बांध से पानी छोड़ा गया है इससे एसइसीएल को जाने वाली मरीन ड्राइव में लगभग सात से आठ इंच पानी चढ़ेगा बाकि शहर में जो बारिश हो रही है उसका पानी भी बड़े नालों के माध्यम से नदी में मिलता है थोडा असर उससे भी हो सकता है।

धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल में शासकीय अवकाश के दिन भी खुलेगा ओपीडी

» सुदूर वनांचल क्षेत्र के रहवासी होंगे लाभान्वित

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ जिले के सुदूर अनुसूचित जनजाति तथा विशेष संरक्षित अनुसूचित जनजाति बिरहोर, कोरवा पंडो निवासरत युक्त वनांचल तथा हाथी प्रभावित विकासखण्ड क्षेत्र धरमजयगढ़ मुख्यालय में संचालित सिविल अस्पताल में हर अवकाश के दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक 3 घण्टा चिकित्सा सुविधाएं अब उपलब्ध रहेगी।

उल्लेखनीय है कि छुट्टी के दिनों में ओपीडी योग्य मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था तथा दूसरे दिन ओपीडी खुलने का इंतजार करना पड़ता था। यदि एक से अधिक दिनों तक लगातार शासकीय अवकाश पड़ जाए तो मरीज गंभीर भी हो सकते है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी व सेक्टर चिकित्सा अधिकारी डॉ.खुर्शीद खान ने बताया कि सुदूर अंचल के ऐसे ही मरीजों को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि ब्लड एवं यूरिन टेस्ट भी निःशुल्क किया जा रहा है। वहीं शासन की ओर से निः शुल्क दवाईयां भी उपलब्ध करायी जा रही है।

5
डॉ.खुर्शीद खा
चिकित्साधिक
मो.नं.74154790

निगरानी बदमाश की चाकू मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के कबीर नगर में गोगांव इलाके में बीती रात अज्ञात आरोपी ने एक युवक को चाकू मारकर हत्या कर दी। घटनास्थल पर कबीर नगर थाना पुलिस ने पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीर नगर में बीती रात सीतानगर गोगांव में कमलनारायण साहू की लाश देखकर आसपास के लोगों ने घटना की सूचना कबीर नगर थाना पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक की शिनाख्ती के दौरान पता चला कि मृतक निगरानी बदमाश है। किसी ने चाकू से मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

शालू जिन्दल को सामाजिक उद्यमिता के लिए एशिया का सर्वोत्तम सीएसआर अवार्ड

न्याय साक्षी/रायगढ़। सुप्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्य विदूषी और जेएसपीएल फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष शालू जिन्दल को सामाजिक उद्यमिता के लिए सीएमओ एशिया का श्रेष्ठ सीएसआर-2019 अवार्ड प्रदान किया गया है।

जिन्दल हाउस दिल्ली से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती शालू जिन्दल को यह अवार्ड सिंगापुर में आयोजित विशेष समारोह में कल प्रदान किया गया। उद्योग और समाज के संतुलित विकास के सिद्धांतों की प्रबल पक्षधर श्रीमती जिन्दल का कहना है कि जेएसपीएल फाउंडेशन बिल्डिंग इंडिया-एम्पावरिंग लाइव्स का सपना साकार करने के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने इस अवार्ड के लिए जेएसपीएल फाउंडेशन के चयन के लिए ज्यूरी मेंबरों का आभार जताया और फाउंडेशन की समर्पित टीम की भी हौसला अफजाई की। श्रीमती जिन्दल ने अवार्ड प्राप्त करने के अवसर पर कहा कि यह जेएसपीएल फाउंडेशन के लिए गौरव का पल है। फाउंडेशन ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाज के विकास में योगदान करने का हरसंभव प्रयास किया है। श्रीमती जिन्दल ने लगभग 2 करोड़ लोगों में उम्मीद की किरण जगाई है और शिक्षा-स्वास्थ्य एवं जीवन निर्माण के विविध क्षेत्रों में उन्हें प्रोत्साहित किया है। श्रीमती शालू जिन्दल को एशिया का सर्वश्रेष्ठ सीएसआर अवार्ड मिलने पर कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जेएसपीएल की पूरी टीम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER
HINDI & ENGLISH MEDIUM
SCHOOL
Topper Students Last Session
Tarun 90%
Yamini 98%
Shraddha 93%
Priyanka 96%
Prerna 84%
Hitendra 99%
Akanksha 90%
Geetanjali 99%
Chetna 94%
Arpita 93%
Arpita 98%
Rakesh 97%
Sejal 88%
Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92%
Prince 97%
Kusum 98%
Abhishek 99%
Aayush 93%
Prachi 97%
Tulika 96%
Pari 96%
Aradhya 97%
Ananya 99%
Ashish 96%
Ankita 99%
Join CAREER...

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चो के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480